संपादकीय

अन्न बचाने की पहल

विवाह समारोहों के धनबल प्रदर्शन का जरिया बनने और छप्पन प्रकार के व्यंजनों के नाम पर जो अन्न की बर्बादी होती है, उसे रोकने के लिये सुप्रीमकोर्ट को दिल्ली सरकार द्वारा नीति बनाने का आश्वासन नई उम्मीद जगाता है। आमतौर पर सरकारें विवाह समारोहों जैसे संवेदनशील मुद्दों पर हस्तक्षेप करने से बचती हैं, ऐसे में दिल्ली सरकार का अन्न की बर्बादी रोकने के लिये कैटरर्स के जरिये बचा भोजन जरूरतमंदों तक पहुंचाने तथा व्यंजनों की संख्या कम करने संबंधी प्रस्ताव उत्साहवर्धक है। जिसकी मुक्त कंठ से प्रशंसा की जानी चाहिए। निःसंदेह विवाह समारोह दो परिवारों और आत्मीयजनों के बीच खुशी बांटने का मौका होता है। मगर विसंगति यह है कि धीरे-धीरे विवाह समारोह हैसियत दर्शाने का जरिया बन गया। दंभपूर्ण प्रदर्शन के जरिये छत्तीस तरह के व्यंजन परोसे जाने लगे हैं। लोग आपाधापी में इतना खाना प्लेट में डाल लेते हैं कि उसे खा पाना उनके लिये संभव नहीं होता। फिर ये खाना कूड़े के ढेर में चला जाता है। विडंबना देखिये कि देश में जहां करोड़ों लोग भूख पेट सो जाते हैं वहां इतनी बड़ी मात्रा में अन्न की बर्बादी कचोटती है। कुछ जागरूक लोग व स्वयंसेवी संगठन बचे अन्न को भूखे लोगों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन दायरा बड़ा होने की वजह से कई व्यावहारिक दिक्क तें सामने आती हैं। इसमें कैटरर्स की भी बड़ी भूमिका हो सकती है। मगर ऐसे प्रयास सीमित दायरे तक ही सिरे चढ़ पाते हैं। दरअसल, ऐसे अवसरों के प्रति लोग बड़े आयोजनों को लेकर ज्यादा संवेदनशील हो जाते हैं। दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव ने सुप्रीमकोर्ट को आश्वासन दिया है कि दिल्ली सरकार मेहमानों की संख्या सीमित करने तथा कैटरिंग सिस्टम को दुरुस्त करने के लिये नीति बना रही है। इस बाबत विगत में दिये गये आदेश पर सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। सुप्रीमकोर्ट ने दिल्ली सरकार को छह सप्ताह में नीति तैयार करने का आदेश दिया है। एक समय था जब समाज में सीमित मेहमानों और सीमित व्यंजनों के साथ विवाह समारोह आयोजित करने की परंपरा थी। भोजन की बर्बादी रोकने के लिये सीमित संख्या में मेहमान बुलाये जाते थे। मगर अब यह दिखाने की कोशिश होती है कि जिस व्यक्ति का जितना बड़ा संपर्क, उतने ही ज्यादा मेहमान। उतना ही भव्य पंडाल और उतने ही ज्यादा व्यंजन परोसने का दंभ। हर प्रदेश व विदेशों के व्यंजनों को तरजीह दी जाती है। लबालब भरी प्लेटों का खाना मेहमान नहीं खा पाते और फलस्वरूप बचा खाना फेंक दिया जाता है। जो सरासर भूखे लोगों का अपमान ही है। हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान ने एक व्यंजन के साथ विवाह समारोह आयोजित करना सुनिश्चित करके उल्लंघन करने पर दंड का प्रावधान किया है। काश, भारत में भी समय रहते ऐसी पहल की जाती । ऐसे में जरूरी है कि कैटरर्स, खाना उपलब्ध कराने वाले एनजीओ और जरूरतमंद लोगों के बीच सामंजस्य बनाकर समस्या से छुटकारा पाया जाये। देश के सामाजिक व धार्मिक संगठनों का दायित्व है कि वे लोगों को जागरूक करने की दिशा में पहल करें।

माल्या को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने की ईडी की मांग पर आदेश 5 जनवरी तक स्थगित

मुंबई (आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)द्वारा दाखिल विजय माल्या को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने की मांग वाली याचिका पर विशेष पीएमएलए न्यायालय ने 5 जनवरी तक निर्नय स्थगित कर दिया है। इसे माल्या के लिए राहत बताया जा रहा है। इस मामले में बताया जा रहा है कि विशेष पीएमएलए जज अपने फैसले के साथ तैयार नहीं हैं, इसलिए आदेश को 5 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

माल्या के खिलाफ यह याचिका प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दी थी। बता दें कि लंदन की कोर्ट माल्या के प्रत्यपज़्ण के लिए रजामंदी दे चुकी है, लेकिन माल्या के पास फिलहाल इसके खिलाफ अपील करने के लिए जनवरी तक का वक्त है। माल्या इन दिनों ब्रिटेन में है। 62 वर्षीय कारोबारी पर मनी लांड्रिंग का भी आरोप है। लंदन की एक कोर्ट ने उसके भारत के समक्ष प्रत्यार्पण का आदेश भी दिया है।

नौ हजार करोड़ के बैंक लोन घोटाले में फरार चल रहे शराब कारोबारी विजय माल्या को भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम-2018 के तहत भगोड़ा घोषित करने संबंधी याचिका पर फैसले के लिए विशेष अदालत ने 26 दिसंबर की तिथि तय की थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इस संबंध में मनी लांड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) कोर्ट में याचिका दाखिल की है। कोर्ट द्वारा भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने के बाद ईडी को माल्या की संपत्तियों को जब्त करने का अधिकार मिल जाएगा।

लाल निशान में खुले शेयर बाजार

मुंबई (आरएनएस)। देश के शेयर बाजारों के शुरुआती कारोबार में बुधवार को गिरावट का रुख है। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स सुबह 10.26 बजे 440.08 अंकों की गिरावट के साथ 35,030.07 पर और निफ्टी भी लगभग इसी समय 123.95 अंकों की कमजोरी के साथ 10,539.55 पर कारोबार करते देखे गए।

बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का 30 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक सेंसेंक्स सुबह 26.99 अंकों की गिरावट के साथ 35,443.16 पर जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक निफ्टी 28.05 अंकों की कमजोरी के साथ 10,635.45 पर खुला।

बैंकों के विलय के खिलाफ देश के 10 लाख कर्मचारी हड़ताल पर

नई दिल्ली ,26 दिसंबर (आरएनएस)। विभिन्न मागों को लेकर देश के बैंक कर्मचारी आज से हड़ताल पर हैं। आपको बता दें कि पिछले करीब एक हफ्ते में देश की बैंकिंग सेवा काफी प्रभावित रही है। 5 दिनों में से एक बार बैंक खुलने के बाद आज फिर देश के बैंक बंद रहेंगे। कुल नौ बैंक यूनियन ने आज हड़ताल आह्वान किया है। बता दें कि 21 से 23 दिसंबर को भी बैंकों ने हड़ताल की थी, उसके बाद 24 दिसंबर को बैंक खुले थे। देश के करीब 10 लाख बैंक कर्मचारी आज हड़ताल पर रहेंगे।

आपको बता दें कि युनाइटेड फॉरम ऑफ बैंक यूनियंस के मीडिया प्रभारी अनिल तिवारी के अनुसार, बैंक कर्मचारियों व अधिकारियों के संगठन आयबॉक ने वेतनवृद्धि और बैंकों के विलय के विरोध में बैंकों की हड़ताल की घोषणा की थी। देश में करीब 3.2 लाख से अधिक बैंक अधिकारी पहले भी हड़ताल पर रहे थे, इस बीच कुछ क्षेत्रों में एटीएम में भी काफी दिक्कतें आई थीं। बैंक कर्मचारियों के अनुसार, मई 2017 को जमा हमारी मांगों के चार्टर के आधार पर 11वें द्विपक्षीय वेतन संशोधन वार्ता के लिए बिना शर्त आदेश पत्र

पेट्रोल, डीजल के दाम स्थिर, आगे फिर गिरावट के आसार

नई दिल्ली ,26 दिसंबर (आरएनएस)। पेट्रोल के दाम में लगातार पांच दिनों की गिरावट के बाद बुधवार को स्थिरता बनी रही। डीजल के दाम भी लगातार दूसरे दिन स्थिर रहे। हालांकि तेल बाजार के जानकार बताते हैं कि पेट्रोल और डीजल के दाम में आनेवाले दिनों में और राहत मिल सकती है क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल के दाम में काफी गिरावट आ चुकी है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड का भाव 50 डॉलर प्रति बैरल और वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट यानी डब्ल्यूटीआई का भाव 42 डॉलर प्रति बैरल के आसपास आ गया है।

देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों का निर्धारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों के आधार पर होता है, क्योंकि भारत अपनी तेल की जरूरतों का करीब 80 फीसदी आयात करता है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, बुधवार को दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल की कीमतें क्रमशः 69.79 रुपये, 71.89 रुपये, 75.41 रुपये और 72.41 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहीं।

चारों महानगरों डीजल के दाम क्रमशः 63.83 रुपये, 65.59 रुपये, 66.79 रुपये और 67.38 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं।

7 वर्षीय आर्ची होगा मेलबोर्न में आस्ट्रेलिया का सह कप्तान

मेलबोर्न (आरएनएस)। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच क्रिसमस के अगले दिन से शुरू होने वाले तीसरे बाक्सिंग डे टेस्ट में सात साल के आर्ची शिलर को उनके जीवन का सबसे बड़ा सपना पूरा करने का मौका मिलेगा जब वह मेजबान टीम के सह कप्तान की भूमिका में मैदान पर उतरेगा। सात साल के लेग स्पिनर शिलर को मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिये आस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है और वह मेजबान टीम के कप्तान टिम पेन के साथ सह कप्तान की भूमिका में मैदान पर उतरेगा। यारा पार्क में पेन ने इसकी घोषणा भी की थी, जिस दिन शिलर सात वर्ष का हुआ था। पेन ने कहा, हमें खुशी है कि शिलर हमारे साथ टीम का हिस्सा होगा और बॉक्सिंग डे टेस्ट में पदार्पण करने उतरेगा।

दरअसल शिलर तीन महीने की उम्र से ही दिल की बीमारी से जूझ रहा है और ठीक से सांस लेने में भी सक्षम नहीं हैं। इस गंभीर बीमारी के कारण वह 13 सर्जरी की पीड़ा को झेल चुका है।

खुद आस्ट्रेलियाई टीम के कोच जस्टिन लेंगर ने शिलर को फोन कर टेस्ट टीम में शामिल करने की सूचना दी थी। एक महीने पूर्व शिलर के टीम का हिस्सा बनाये जाने की खबर सार्वजनिक हुई थी। इस महीने एडिलेड ओवल में शिलर को टीम के साथ अभ्यास करने का भी मौका दिया गया था।

फुटबाल : ओलंपिया ने फारवर्ड रोजस के साथ किया करार

आसुनसियोन(आरएनएस)। इस साल दो बार पराग्वे फुटबाल लीग का खिताब जीत चुके ओलंपिया क्लब ने राष्ट्रीय टीम के फारवर्ड रोड्रिगो रोजस के साथ करार किए जाने की घोषणा की है। क्लब ने अपने वेबसाइट पर लिखा, रोजस पहले इस करार पर हस्ताक्षर कर चुके हैं। चकिंग ऑफ कोपासज का एक बार फिर से स्वागत है। रिपोर्ट के अनुसार, रोजस इससे पहले ओलंपिया के सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी सेरो पोर्टेनो क्लब में थे जहां जनवरी 2015 से ही खेल रहे थे। ओलंपिया के कोच डेनियल गार्नेरो कोपा लिबर्टाडोरेस-2019 को लेकर बेहद गंभीर हैं जहां टीम को ग्रुप-सी में रखा गया है।

आज का राशिफल

मेषःइस समय हर काम को सोच समझकर और धीरे-धीरे आगे बढ़ने का उपक्रम करना चाहिए। अगर आप जल्दबाजी और तीव्रता से किसी काम को अंजाम देने की कोशिश करेंगे तो हो सकता है।

वृषभःभाग्य आपके ऊपर मेहरबान रहेगा। यदि आप किसी पुराने काम धंधे को बंद करके नया काम शुरू करना चाह रहे हैं तो कर सकते हैं।

मिथुनःआप ऐसा महसूस करेंगे जैसे बुरा वक्त चला गया हो। आपने दूसरों के लिए जो कुछ किया है उसका प्रतिफल आपको मिलेगा।

कर्कःअपने कार्यक्षेत्र या व्यापार में आज आपको अपनी बेहतर स्थिति और पहचान बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।

सिंहःलोगों के सहयोग और संपर्क से आपके काम बनेंगे। विरोधियों का पक्ष कमजोर होगा। अपने अहं को त्यागकर काम करें तो बेहतर होगा।

कन्याःसामाजिक क्षेत्र में सम्मान प्राप्त कर सकेंगे। दोस्तों और मित्रों के प्रभावक्षेत्र में रहकर किसी संस्था की सदस्यता लेना आपके लिए हितकर होगा।

तुलाःआज स्वास्थ्य के कारण आपका काम प्रभावित हो सकता है। उलझन और तनाव को कम कीजिए और आज आराम कीजिए यही बेहतर होगा।

वृश्चिकःआज आपको भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा, मेहनत से बढ़कर परिणाम प्राप्त करेंगे। पूजा-पाठ और तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी।

धनुःआज किसी जरूरी कागजात पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। यदि किसी की जमानत दे रहे हों तो उसमें सावधानी रखें।

मकरःकामकाज में आपकी मजबूत स्थिति के लिए कुछ लोग आपको अपनी ओर खींचने की चेष्टा कर सकते हैं।

कुंभःअपने करियर में अच्छा मुकाम हासिल कर सकते हैं। दूसरों के मामलों को सुलझाने की बजाय अपनी समस्या देखें।

मीनःकाफी दिनों से चल रहा मानसिक तनाव कम होगा। दोपहर बाद मनोरंजन में दिन बीतेगा। यश कीर्ति में वृद्धि होगी।

गीता को यूं ही नहीं कहते माता समान, जानें जीवन में गीता का महत्व

भारतीय संस्कृति में गीता का स्थान सर्वोच्च है। भारतीय साधु-संन्यासियों के अन्तरतम में वीणा की झंकार की तरह गीता के श्लोक झंकृत होते हैं। कथा-प्रवचनों से लेकर घर-घर तक जीवन-सुधार परक उपदेश, नीति-नियमों का जो भी ज्ञान दिया जाता है, उसमें गीता का प्रकाश कहीं न कहीं अवश्य पड़ता है। धरती पर शायद ही ऐसा कोई स्थान हो, जो गीता के प्रभाव से मुक्त हो। भारत भूमि तो उसके स्पर्श से धन्य हो गई है। गीता को, धर्म-अध्यात्म समझाने वाला अमोल काव्य कहा जा सकता है। सभी शास्त्रों का सार एक जगह कहीं यदि इकट्ठा मिलता हो, तो वह जगह है-गीता। गीता रूपी ज्ञान-गंगोत्री में स्नान कर अज्ञानी सद्ज्ञान को प्राप्त करता है। पापी पाप-ताप से मुक्त होकर संसार सागर को पार कर जाता है। गीता को माँ भी कहा गया है। यह इसलिए कि जिस प्रकार माँ अपने बच्चों को प्यार-दुलार देती और सुधार करते हुए महानता के शिखर पर आरूढ़ होने का रास्ता दिखाती है, उसी तरह गीता भी अपना गान करने वाले भक्तों को सुशीतल शांति प्रदान करती है। यह मनुष्यों को सद्शिक्षा देती और नर से नारायण बनने के राह पर अग्रसर होने की प्रेरणा प्रदान करती है। गीता का गान करते-करते मनुष्य उस भावलोक में प्रवेश कर जाता है, जहाँ उसे अलौकिक ज्ञान-प्रकाश, अपरिमित आनन्द प्राप्त होता है। हो भी न कैसे? एक गीता का गान ही अपने आप में इतना सक्षम है कि इसे पाने के बाद और कुछ पाने की जरूरत ही नहीं पड़ती। क्योंकि यह स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण के मुख-कमल से ही निःसृत हुई है।

गोल्फर ज्योति रंधावा अवैध शिकार मामले में गिरफ्तार

बहराइच(आरएनएस)। भारत के अंतरराष्ट्रीय गोल्फर ज्योति सिंह रंधावा को अवैध शिकार मामले में गिरफ्तार किया गया है। रंधाव को उनके साथी महेश विजदार के साथ उत्तर प्रदेश के मोतीपुर रेंज के कतर्नियाघाट इलाके से अरेस्ट किया गया है। दोनों से पुलिस पूछताछ कर रही है। कतर्नियाघाट के डीएफओ और उनकी टीम मामले में आगे की कार्रवाई कर रहे हैं।

उनके पास से शिकार में प्रयोग किए जाने वाले हथियार, जंगली जानवर की खाल और जंगली मुर्गा भी बरामद हुआ है। वन विभाग के अधिकारी और स्थानीय पुलिस गोल्फर से पूछताछ कर रहे है। डीएफओ (कतर्नियाघाट) जीपी सिंह और फील्ड डायरेक्टर दुधवा रमेश पांडे तफ्तीश के लिए जंगल रवाना हो गए है। हाइप्रोफाइल मामला होने पर वन्य विभाग के अधिकारी सार्वजनिक रूप से कुछ भी कहने से बच रहे हैं।



गाड़ी में कैश और जानवरों के खाल मिले

दरअसल, कतर्निया जंगल के मोतीपुर वन क्षेत्र के खपरा वन चौकी के समीप जंगल के पास वन विभाग ने एक गाड़ी (एचआर26 डीएन 4299) को जंगल से गुजरते देखा। संदेह के आधार पर जब वनकर्मियों की टीम ने गाड़ी की तलाशी ली तो गाड़ी में दो शिकारियों को असलहा व जंगली जानवरों की खाल के साथ दबोचा गया।

मिक्स्ड वेजिटेबल सूप

सामग्री :

ऑलिव ऑयल- 1 टेबलस्पून, एक प्याज, तीन लहसुन, दो सैलरी पत्ता, दो गाजर, दो कप मिक्स्ड वेजिटेबल (गोभी, जुकीनी और फ्रेंचबींस), नमक स्वादानुसार, गॉर्लिक पाउडर- आधा टीस्पून, ऑरगेनो- एक टीस्पून, एक तेजपत्ता, आठ कप- वेजिटेबल स्टॉक, टमाटर- 4, चीज़- आवश्यकतानुसार

विधि :

पैन में तेल गर्म करने के बाद उसमें प्याज और लहसुन डालें। अब सभी सब्जियां डालकर दो मिनट तक भूनें। अब इसमें नमक, गॉर्लिक पाउडर और ऑरगेनो डालकर चलाएं।

वेजिटेबल स्टॉक बनाने के लिए पानी में टमाटर और तेजपत्ता डालकर दस-बारह मिनट पकाएं। बाद में छानकर इसी पानी का स्टॉक बनाएं। इन सब्जियों का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। अब पैन में स्टॉक और नमक डालकर अच्छी तरह चलाएं। ऊपर से चीज़ डालकर या ऐसे ही सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य-26

बाएं से दाएं

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

ऊपर से नीचे

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 28 का हल

वा	स्ता			सि	स	की		
जि		ल	प	ट		मा	चि	स
ब	द	ला		क			ल	
		ट		नी	ल	क	म	ल
ता	ली		का		की			हू
क		स	रो	का	र			लु
झां		ज	बा	न		म	सी	हा
क	च	ना	र		भा	र्या		न
	र्म			ज	र	दा		

सू-दोकू-26

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.28 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6